# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ।

## वित्त समिति की 19वीं बैठक दिनाँक 19 फरवरी, 2024 का कार्यवृत्त

वित्त समिति की 19वीं बैठक दिनाँक 19 फरवरी, 2024 को पूर्वान्ह 11.00 वजे कुलपति सभाकक्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

**वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थीः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 के0के0 सिंह, कुलपति, | **अध्यक्ष** |
| 2. | डा0 अमरनाथ मिश्र, संयुक्त कृषि निदेशक, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | **सदस्य** |
| 3. | श्री वरूण खरे, मुख्य कोषाधिकारी/अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, वित्त के प्रतिनिधि)। | **सदस्य** |
| 4. | डा0 ज्ञान प्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)। | **सदस्य** |
| 5. | श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक | **सदस्य** |
| 6. | श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, वित्त नियन्त्रक | **सदस्य सचिव** |

सर्वप्रथम माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष वित्त समिति द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

...त्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
...वा० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
...विद्यालय, मेरठ–250110

**प्रस्ताव संख्या 19.1: वित्त समिति की 18वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनाँक 21 अक्टूबर, 2023 को सम्पन्न 18वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 19.2: वित्त समिति की 18वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2023 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

वित्त समिति द्वारा 18वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 19.3: वित्तीय वर्ष 2022–23 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स शीट का अनुमोदन।**

वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स शीट मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु संस्तुति की गयी।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 19.4: वित्तीय वर्ष 2023–2024 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2024–2025 का आय–व्ययक**

वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुमानित आय–व्ययक पर मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु निम्नवत संस्तुति की गयी।

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

## आय–व्यक विततीय वर्ष 2024–25

(रू0 लाख में)

| क्रम सं0 | विभिन्न प्राप्तियां एवं व्यय | वास्तविक आंकड़े 2022–23 | आय–व्ययक अनुमान 2023–24 | पुनरीक्षित अनुमान 2023–24 | आय–व्ययक अनुमान 2024–25 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व प्राप्तियां | 10815.37 | 24468.65 | 21881.40 | 26510.60 |
| 2 | पूँजीगत प्राप्तियां | 440.49 | 7476.00 | 2866.00 | 11009.00 |
| 3 | **योग (1+2)** | **11255.86** | **31944.65** | **24747.40** | **37519.60** |
| 4 | राजस्व व्यय | 10329.47 | 24232.70 | 21867.30 | 26456.60 |
| 5 | पूँजीगत व्यय | 397.99 | 7476.00 | 2866.00 | 11009.00 |
| 6 | **योग (4+5)** | **10727.46** | **31708.70** | **24733.30** | **37465.60** |

(कार्यवाईः वित्त नियंत्रक)

उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त मा0 सदस्यों द्वारा निम्नवत अभिमत व्यक्त किये गयेः–

1. डा0 अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा विश्वविद्यालय के फार्मों पर फसलों के खराब होने के दृष्टिगत फसल बीमा कराने का सुझाव दिया गया। जिसपर मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के फार्मों की फसलों का बीमा कराने की सम्भावनाओं पर विचार किया जायेगा। मा0 कुलपति जी द्वारा समिति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के फार्मों पर फसलों के उत्पादन आय–व्यय की स्थिति पर निरीक्षण हेतु एक कमेटी का गठन कर दिया गया है, जोकि फार्मों पर निगरानी का कार्य कर रही है।

(कार्यवाईः निदेशक शोध)

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

2. डा0 अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय को उ0प्र0 बीज विकास निगम से अनुबंध किया जाना उपयुक्त होगा।

(कार्रवाईः निदेशक शोध)

3. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए मा0 कुलपति जी की प्रशंसा की गयी तथा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केन्द्रों की आय में वृद्धि हेतु प्रयास किया जाये।

(कार्रवाईः निदेशक प्रसार)

4. डा0 अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा पी0ओ0एल0 एवं अन्य मदों में व्यय अधिक प्रतीत हो रहा है, जिसके नियन्त्रण हेतु पी0ओ0एल0 पर होने वाले व्यय को प्रतिवर्ष निर्धारित कर दिया जाये तथा निर्धारित मात्रा से अधिक व्यय होने की स्वीकृति अलग से प्रदान किया जाना उपयुक्त होगा।

(कार्रवाईः निदेशक प्रसार)

5. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक तथा डा0 अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत प्रदर्शनी/गोष्ठी/प्रशिक्षण/अन्य आयोजनों को ब्लॉकवार परिवर्तिक करते हुए अलग–अलग ग्रामों/क्षेत्रों में किया जाये तथा इससे सम्बन्धित डाटा ऑनलाईन रखा जाना भी उपयुक्त होगा।

(कार्रवाईः निदेशक प्रसार)

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ--250110

6. डा0 अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा विश्वविद्यालय के दांतल फार्म की अतिक्रमण की भूमि को गूगल अर्थ की इमेज्स के आधार पर चिन्हित किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि इसपर प्रशासन के साथ संयुक्त प्रयासों से दांतल फार्म की भूमि को संगठित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उ0प्र0 शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में दांतल फार्म बाउण्ड्रीवाल के निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान करते हुए रू0 491.60 लाख मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान कर दी गयी है। धनराशि प्राप्त होने पर बाउण्ड्रीवाल के निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**(कार्रवाईः निदेशक शोध/नोडल अधिकारी, निर्माण)**

7. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा विगत वर्षों में गैर–शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न पदों को आयोग को भेजा गया था, जिनपर अभी तक आयोग द्वारा कोई पद विज्ञापित नही किया गया है। जिसपर कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री मनोहर सिंह तोमर द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि उपर्युक्त गैर–शैक्षणिक पदों को विश्वविद्यालय द्वारा आयोग से वापस लेने का अनुरोध किया जाये तथा इन पदों पर विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापन विज्ञापित कराते हुए नियुक्त किया जाना उपयुक्त होगा।

**(कार्रवाईः कुलसचिव/निदेशक प्रशासन, एवं अनुश्रवण)**

13/2/24

(लक्ष्मी मिश्रा)
वित्त नियन्त्रक/सचिव, वित्त समिति

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**अनुमोदित**

(डा0 के0के0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष

डा० के.के. सिंह
कुलपति
स.व.प.कृषि एवं प्रौ.वि.वि, मेरठ